

# मुंबई इंडियंस को 204 का लक्ष्य

## हार्दिक का पंजा भी 200 के अंदर नहीं रोक सका एलएसजी को

**नई दिल्ली 4 अप्रैल.** लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले खेलते हुए 203 रन बना लिए हैं. इस भिड़ंत में एलएसजी को धुआंधार शुरुआत मिली क्योंकि मिचेल मार्श और एडन मार्करम ने टीम को बेहद तूफानी शुरुआत दिलाई. मार्करम ने 53 रन और मिचेल मार्श ने तेजतर्रार अंदाज में 60 रनों की पारी खेली. ऋषभ पंत एक बार फिर फ्लॉप रहे, जिनके बैट से सिर्फ 2 रन निकले. मुंबई के लिए गेंदबाजी में कप्तान हार्दिक पांड्या एलएसजी के बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे, उन्होंने कुल 5 विकेट चटकाए.

मुंबई इंडियंस की ओर से डेथ ओवरों में दमदार गेंदबाजी हुई. इससे पहले मुंबई के गेंदबाजों ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी डेथ ओवरों में दमदार बॉलिंग की थी. एक समय लग रहा था जैसे मुंबई के गेंदबाज लखनऊ को 200 के स्कोर से नीचे रोक लेंगे, लेकिन आखिरी ओवर में डेविड मिलर ने एक चौका और एक छक्का लगाकर लखनऊ को 200 के पार पहुंचाया. हालांकि अंत में हार्दिक उनपर भारी पड़े, जिन्होंने मैच में कुल 5 विकेट चटकाए. लखनऊ सुपर जायंट्स को मिचेल मार्श और एडन मार्करम ने बहुत शानदार शुरुआत दिलाई थी. मार्श ने 31 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिससे प्रतीत होने लगा था जैसे एलएसजी आसानी से 230-240 का स्कोर खड़ा कर सकती है. मगर उनके और एडन मार्करम के आउट होने के बाद लखनऊ की टीम बिखर गई. आईपीएल 2025 के ऑरेंज कैप होल्डर निकोलस पूरन 6 गेंद में केवल 12 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं ऋषभ पंत ने 2 और डेविड मिलर इस बार 27 रन बनाकर आउट हो गए.



### हार्दिक पांड्या ने रचा इतिहास

हार्दिक पांड्या ने इतिहास रच डाला है. उन्होंने अपने 10 साल लंबे आईपीएल करियर में पहली बार एक पारी में गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए हैं. हार्दिक अपने 140 मैचों के आईपीएल करियर में अब तक 72 विकेट ले चुके हैं. उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में एडन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत, डेविड मिलर और आकाशदीप का विकेट लिया.

### रोमांचक होगी श्रेयस-संजू की जंग

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (वार्ता) आईपीएल 2025 सीजन में पहले से ही रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं, लेकिन शनिवार को महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच होने वाला मुकाबला ज्यादा दिलचस्प होने के आसार है।इस मुकाबले के केंद्र में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन होंगे। दोनों खिलाड़ियों ने अपने हिस्से की असफलताओं को सहन किया है, लेकिन फिर से सुर्खियों में हैं और अपनी टीमों को आईपीएल का खिताब दिलाने के लिए दृढ़ हैं।अय्यर ने दो नाबाद अर्धशतक (97* और 52*) के साथ मैदान पर धमाल मचा दिया है, जिससे पीबीकेएस ने दो मैचों में दो जीत के साथ शानदार शुरुआत की है।दूसरी ओर, सैमसन तीन मैचों में 108 रन बनाकर राजस्थान के स्टैंडआउट परफॉर्मर रहे हैं, लेकिन उनकी टीम निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही है।

### सीएसके की परीक्षा, दिल्ली की चुनौती

चेन्नई, 4 अप्रैल (वार्ता) मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल मुकाबले में जीत के साथ शुरुआत करने के बाद घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी।लगातार दो हार के बाद भी सीएसके को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं दिल्ली अपने पिछले दो मैच जीत कर लय हासिल कर चुकी है। पांच बार की विजेता सीएसके के सामने सबसे बड़ी समस्या टीम के संयोजन और संतुलन को सही करना है। शीर्ष क्रम पावर प्ले में विकेट बचाने और अन्य टीमों की तरह तेजी से रन बनाने में विफल रहा है। यह भी चिंता का विषय है कि सीएसके को बीच के ओवरों में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीर्ष क्रम अभी तक अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाया है।

# धनराशि से ज्यादा प्रदर्शन जरूरी

## बड़ी कीमत का मतलब हर मैच में रन बनाना नहीं : अय्यर



**कोलकाता,04 अप्रैल.कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर का मानना है कि उन्हें 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें प्रत्येक मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा तथा उन्होंने कहा कि उनका ध्यान टीम के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने पर है।**

केकेआर ने मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वेंकटेश को फिर से अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पहले दो मैच में केवल नौ रन बना पाए थे। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद पर 60 रन की पारी खेल कर अपनी टीम की 80 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेंकटेश ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,मैं झूठ नहीं बोलूंगा, थोड़ा दबाव है। आप लोग इसको लेकर इतनी चर्चा कर रहे हैं। लेकिन (केकेआर में) सबसे अधिक धनराशि पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे।

उन्होंने कहा,यह इससे जुड़ा है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जीत सकता हूं और मैं क्या प्रभाव डाल सकता हूं।इसको लेकर दबाव नहीं है कि मुझे कितनी धनराशि मिल रही है या मैं कितने रन बना रहा हूं। मुझ पर इस तरह का दबाव कभी नहीं रहा।यह पूछे जाने पर कि क्या केकेआर में सबसे अधिक धनराशि पाने वाले खिलाड़ी होने का दबाव आखिरकार हट गया, वेंकटेश ने मुस्कुराते हुए उल्टा सवाल दाग दिया।

> उन्होंने कहा,मैं आईपीएल के शुरू से कह रहा हूं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपको 20 लाख या 20 करोड़ मिल रहे हैं।मैं टीम का एक खिलाड़ी हूं जो टीम की जीत में योगदान देना चाहता है।कभी-कभी हमें मुश्किल परिस्थितियों का भी सामना करना होगा जहां मेरा काम कुछ ओवर खेलना होगा, और अगर मैं ऐसा करता हूं और रन नहीं बनाता हूं, तो भी मैंने अपनी टीम के लिए योगदान दिया।

# प्रणवी की शानदार शुरुआत



**जोहानिसबर्ग,04 अप्रैल.** भारत की प्रणवी उर्स ने जोबर्ग महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दौर के शुरुआती 13 होल में पांच अंडर का स्कोर बनाया।जब खेल रोका गया तब कई खिलाड़ी पहले दौर को पूरा नहीं कर पाए थे।

प्रणवी पांच होल शेष रहते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।इंग्लैंड की मिमी रोड्स 18 होल पूरे करने में सफल रहीं। वह अभी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रही हैं। प्रणवी के अलावा अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (71) ने अपना राउंड पूरा किया था और वह संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत और त्वेसा मलिक का दिन खराब रहा।

**जोबर्ग ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर**

**दीक्षा डागर संयुक्त 21वें स्थान पर**

# जमशेदपुर ने मोहन बागान को हराया

## खालिद जमील ने टीम प्रयास की सराहना की



**जमशेदपुर, 4 मार्च.जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील ने अपनी टीम के सामूहिक प्रयास की सराहना की, जब मेन ऑफ स्टील ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीज़न के सेमीफाइनल 2 के पहले चरण में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मोहन बागान सुपर जायंट पर 2-1 से कड़ी टक्कर वाली जीत हासिल की।**

- जेवियर सिवेरियो ने पहला गोल दागा
- जेसन कमिंग्स की फ्री-किक से बराबरी
- स्टॉपेज टाइम में जावी हर्नांडेज़ का विजयी गोल

जमील की टीम ने एक बार फिर शुरुआत से ही दृढ़ संकल्प दिखाया और खेल के विपरीत जाकर बढ़त बना ली। जेवियर सिवेरियो ने मोहम्मद उवैस के एक बेहतरीन लंबे थ्रो-इन का फायदा उठाया, जिसमें स्टीफन एजे ने गेंद को बैक पोस्ट की ओर हेडर किया और स्पेनिश खिलाड़ी ने उसे गोल में पहुंचा दिया। हालांकि, जेसन कमिंग्स ने जल्द ही एक शानदार डायरेक्ट फ्री-किक से बराबरी कर ली, जिससे टीमें हाफ टाइम तक बराबरी पर रहीं। मेहमान टीम के भारी कब्जे का सामना करने के बावजूद, जमशेदपुर एफसी अनुशासित रही, अपनी गेम प्लान पर टिकी रही और जवाबी हमलों के अवसरों की प्रतीक्षा करती रही।स्टॉपेज टाइम में उनकी धैर्य का फल मिला जब रित्विक कुमार दास ने एक तेज ब्रेक लिया और गेंद को जावी हर्नांडेज की ओर बढ़ाया, जिन्होंने शांति से उसे नेट में डालकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी। सनान ने बहुत अच्छा प्रयास किया, इसलिए वह थोड़े थक गए थे, इसलिए मैंने रित्विक को अंदर लाया। उन्होंने पिछले मैच में भी बड़ा प्रभाव डाला था, और वह एक गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं।

> मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जमील ने कहा, 卐एक मजबूत टीम के खिलाफ घर में जीत हमेशा एक बड़ी उपलब्धि होती है।खिलाड़ियों ने परिणाम हासिल करने के लिए बहुत प्रयास किया।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐खिलाड़ियों ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल किया, और अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव एक बार फिर काम आया। सामूहिक रूप से, सभी ने योजना के अनुसार खेला।

### 7 अप्रैल को दूसरे चरण के मुकाबले पर नजर

जमील ने कहा,वह फिलहाल 7 अप्रैल को कोलकाता में होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले के लिए रणनीतिक तैयारियों से ज्यादा खिलाड़ियों की रिकवरी को प्राथमिकता दे रहे हैं।उन्होंने टिप्पणी की,हमारे पास प्रतीक चौधरी और लाजर सिरकोविक (जो विकल्प के तौर पर आ सकते हैं) हैं, लेकिन अभी हमारी प्राथमिकता खिलाड़ियों की रिकवरी है। उसके बाद हम अगले कदमों के बारे में सोचेंगे।

## एक नजर में



### सीनियर खिलाड़ियों को नजीर पेश करनी होगी

**लाहौर.** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर का मानना है कि महिला टीम की सीनियर खिलाड़ियों को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के दौरान आगे आकर अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।पाकिस्तान ने 50 ओवर के टूर्नामेंट के पिछले चार संस्करणों में भाग लिया है, लेकिन उन्हें पांचवीं बार इसमें शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पाकिस्तान इस महीने घरेलू धरती पर होने वाले क्वालीफायर के दौरान टूर्नामेंट में अंतिम दो स्थानों के लिए संघर्ष करने वाली छह टीमों में से एक हैं। टीम को विश्वकप टूर्नामेंट का टिकट पाने के लिए छह टीमों के क्वालीफायर इवेंट में शीर्ष दो स्थानों पर रहना होगा और सना का मानना है कि पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ियों को आगे आकर रास्ता दिखाना चाहिए।क्वालीफायर प्रतियोगिता में पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना होंगी। चोट से उबर चुकी तेज गेंदबाज डायना बेग की वापसी तथा अनुभवी तिकड़ी सिदरा अमीन, नशरा सुंधू और आलिया रियाज के शामिल होने से टीम को मजबूती मिलेगी। सना चाहती हैं कि सीनियर खिलाड़ी आगे आएं और पाकिस्तान को इस साल के विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए उदाहरण पेश करें।

### चैपमैन आखिरी वनडे से बाहर

**माउंट माउंगानुई.** न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में मार्क चैपमैन के बिना खेलना होगा। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने में विफल रहे हैं।चैपमैन ने नेपियर में सीरीज के शुरुआती मैच में शतक बनाने के बाद फील्डिंग करते समय हैमस्ट्रिंग में चोट लगा ली थी और इसके बाद उन्हें हैमिल्टन में पाकिस्तान के साथ दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया, जिसमें कीवी टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। उम्मीद थी कि चैपमैन शनिवार को यहां आखिरी मुकाबले के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन 30 वर्षीय खिलाड़ी शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान फिटनेस टेस्ट में फेल हो गए और उन्हें जोखिम में नहीं डाला जाएगा। इसका मतलब है कि टिम सीफर्ट टीम के साथ बने रहेंगे और बुधवार को हैमिल्टन में शानदार जीत दर्ज करने वाली टीम में बदलाव करने पर वह अंतिम एकादश में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो सकते हैं।

### बिली जीन किंग कप का नया प्रायोजक

**पुणे.** बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 में भाग लेने वाली भारतीय टीम की प्रायोजक देश के प्रमुख मसाला ब्रांड 'सुहाना' होगी।प्रतियोगिता का आयोजन एमएसएलटीए द्वारा एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में घरेलू मैदान पर किया जाएगा। भारत टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार प्ले-ऑफ चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। यह आयोजन भारत में एक दशक, महाराष्ट्र में 25 साल और पुणे में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सुहाना के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा, 卐 सुहाना तीन दशकों से अधिक समय से प्रवीण ट्रॉफी के माध्यम से जूनियर भारतीय टेनिस का समर्थन कर रहा है। हमें अपने गृह नगर में बीकेजेसी एओ ग्रुप 1 क्वालीफायर से पहले भारतीय महिला टीम के साथ जुड़कर गर्व महसूस हो रहा है।卐 इस बीच भारतीय टीम ने बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 के लिए अपनी नई किट का भी अनावरण किया।

### ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग का 18 से

**गुरुग्राम.** 18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू हो रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) ने अपनी आगामी लीग का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जिसकी शुरुआत पुरुष मुकाबलों के साथ की जाएगी। जीआईपीकेएल में दिन का पहला मुकाबला तमिल लॉयन्स और पंजाबी टाइगर्स, दूसरा मुकाबला हरयाणवी शार्क्स और तेलुगु पैंथर्स और तीसरा मुकाबला मराठी वल्चर और भोजपुरी लेपर्ड्स के बीच खेला जाना तय है, वहीं महिला मुकाबलों की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी.



# चेल्सी ने टॉटनहम को हराया

## एंजो फर्नांडीज के गोल से 1-0 की जीत

**नई दिल्ली 4 अप्रैल.** चेल्सी ने अपने लंदन प्रतिद्वंद्वी टॉटनहम हॉटस्पर को अर्जेंटीना के एंजो फर्नांडीज के गोल की बदौलत 1-0 से हराया, जिससे चैंपियंस लीग में वापसी की उनकी उम्मीदें बढ़ गईं क्योंकि वे प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर पहुंच गए।

**फर्नांडीज ने 50वें मिनट में हेडर से गोल किया**

**स्पर्श का गोल फाउल के कारण रद्द किया गया**

इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल के स्टैमफोर्ड ब्रिज पर मौजूद रहने के दौरान, संक्षिप्त चोट के बाद वापसी कर रहे इंग्लैंड के फॉरवर्ड कोल पाल्मर के एक शानदार क्रॉस पर फर्नांडीज 50वें मिनट में बिना किसी बाधा के हेडर से गोल करने में सफल रहे। चेल्सी को जल्द ही दूसरा गोल लगने की उम्मीद थी, लेकिन मोइसेस कैसेडो की वॉली को वीएआर जांच के बाद ऑफसाइड करार दिया गया। इसके बाद स्पर्स की बारी थी जब उनके जश्न को झटका लगा, जब स्थानापन्न खिलाड़ी Pape Sarr के 69वें मिनट में बॉक्स के बाहर से किए गए शॉट को सेनेगल के मिडफील्डर द्वारा बिल्ड-अप में किए गए फाउल के कारण अस्वीकार कर दिया गया। चेल्सी के कोच एंजो मारेस्का ने अंतिम सीटी बजने पर राहत की सांस लेते हुए आसमान की ओर देखा और अपने कोचिंग स्टाफ को गले लगाया.

### चेल्सी प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर पहुंची

इस जीत ने चेल्सी को शीर्ष चार में वापस ला दिया, जो पांचवें स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी से एक अंक और छठे स्थान पर मौजूद न्यूकैसल यूनाइटेड से दो अंक आगे है - लेकिन एक मैच कम खेला है - क्योंकि चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ तेज हो गई है। स्पर्स - स्टैमफोर्ड ब्रिज पर जिनका निराशाजनक रिकॉर्ड अब लीग में 40 प्रयासों में एक जीत का है - 14वें स्थान पर बने रहे और अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता में उनकी उम्मीदें यूरोपा लीग जीतने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती हैं।

### फीफा रैंकिंग में अर्जेंटीना नंबर वन

**जिनेवा, 4 अप्रैल (वार्ता)** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने अपनी नवीनतम पुरुषों की विश्व रैंकिंग जारी कर दी है, जिसमें अर्जेंटीना शीर्ष स्थान पर कायम है, जबकि स्पेन फ्रांस को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड और ब्राजील ने क्रमशः अपना चौथा और पांचवां स्थान बरकरार रखा, जबकि नीदरलैंड एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गया। पुर्तगाल सातवें स्थान पर खिसक गया, जिसके बाद बेल्जियम, इटली और जर्मनी दुनिया के शीर्ष 10 में शामिल हैं। दिसंबर 2024 में रैंकिंग के पिछले संस्करण के बाद से कुल 245 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं।

# टेनिस स्टार्स की ग्रैंड स्लैम में अधिक पैसे की मांग

## शीर्ष 20 खिलाड़ियों ने लिखा पत्र



**लंदन, 4 अप्रैल (वार्ता) शीर्ष 20 पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने फोर ग्रैंड स्लैम को एक पत्र भेजकर अधिक पुरस्कार राशि की मांग की है।**

इस पत्र की रिपोर्ट सबसे पहले फ्रांसीसी समाचार पत्र एल%इक्विप ने दी थी, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन से होने वाले राजस्व में खिलाड़ियों को अधिक हिस्सा मिलने पर चर्चा करने के लिए बैठक का अनुरोध किया गया था। बीबीसी के अनुसार विश्व की 11वें नंबर की खिलाड़ी एम्मा नवारो ने पत्र में अपना नाम डालने के लिए 'अनुचित वेतन अनुपात' का हवाला दिया है। 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने कहा, मैंने अन्य खिलाड़ियों से इस बारे में थोड़ी बात की और मुझे लगा कि हस्ताक्षर करना एक अच्छा विचार है। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के रूप में एक साथ आना और यह सुनिश्चित करना एक अच्छा कारण है कि हमारे साथ उचित व्यवहार हो रहा है। पिछले साल विंबलडन में पुरस्कार राशि 50 मिलियन पाउंड थी, जो 2014 में दी गई राशि से ठीक दोगुनी थी।

> ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने कहा 卐 पुरस्कार राशि में वृद्धि का विशेष रूप से निचले रैंक वाले खिलाड़ियों द्वारा स्वागत किया जाएगा, जिन्हें वर्ष के अन्य समय में गुजारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। मुझे लगता है कि इससे सभी खिलाड़ियों को फ़ायदा होगा, सिर्फ़ शीर्ष खिलाड़ियों को नहीं, ख़ास तौर पर उन खिलाड़ियों को जो साल भर कड़ी मेहनत करते हैं और ग्रैंड स्लैम से पैसे पाने और अपना अस्तित्व बनाए रखने की ज़रूरत रखते हैं।

**भाला फेंक स्पर्धा** — नीरज चोपड़ा पहली बार आयोजन की कमान संभालेंगे, विश्व एथलेटिक्स ने इसे 'ए' श्रेणी में रखा

# 24 मई को पंचकूला में आयोजक की भूमिका में नजर आएंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली 4 अप्रैल. टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा एक आयोजक के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे, नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के पहले संस्करण के साथ, जो 24 मई को पंचकूला, हरियाणा के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित होने वाली है, विश्व एथलेटिक्स ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की।**

एनसी क्लासिक के रूप में निर्धारित, एक दिवसीय भाला फेंक प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स की %ए% श्रेणी की स्पर्धा के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो रैंकिंग अंकों में कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड-स्तरीय प्रतियोगिता के बराबर है।

कॉन्टिनेंटल टूर, डायमंड लीग के पीछे दूसरी श्रेणी की वैश्विक एथलेटिक्स श्रृंखला है, जिसे 2020 में वर्ल्ड चैलेंज श्रृंखला के उत्तराधिकारी के रूप में लॉन्च किया गया था और इसमें चार स्तर हैं - गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज और चैलेंजर। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और फिर 2024 में रजत पदक जीता, एनसी क्लासिक 2025 में दुनिया भर के कुछ शीर्ष भाला फेंकने वाले पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में, भारत ने पिछले महीने नई दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी की और सितंबर-अक्टूबर में अपने पहले पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप का मंचन करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, भारत के 2025 एथलेटिक्स सीज़न के हिस्से के रूप में, भारतीय ओपन बैनर के तहत एक विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज-स्तरीय मीट 10 अगस्त को भुवनेश्वर में निर्धारित है।

> यह भारत में आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भाला फेंक कार्यक्रम है और इसे नीरज चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। आयोजक इसे विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में एक वार्षिक कार्यक्रम बनाने के इच्छुक हैं। ओलंपिक्स डॉट कॉम पर एक रिपोर्ट के अनुसार, एनसी क्लासिक 2025 टोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में भी काम करेगा, हालांकि चोपड़ा, मौजूदा विश्व चैंपियन, पहले ही अपना स्थान सुरक्षित कर चुके हैं।